उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 12.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का किया गया औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक निर्देश-





आज दिनांक 12.09.2024 को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, मॉनिटरिंग सेल, एल.आई.यू. शाखा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित शाखा की विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव, लम्बित प्रकरण सहित शाखा में साफ-सफाई का स्तर उच्च बनाये रखने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, शाखाओं में नियुक्त कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ/प्रभारी मीडिया सेल श्री अरविन्द सिंह गौर सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में पुलिस थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक 12.09.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो /शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु **"शक्ति दीदी"** नियमित रुप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया व कराया जा रहा है।

जनचौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज़-4 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये त्वरित कार्यवाही की जायेगी।





## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने हत्या के वांछित 02 नफर अभियुक्तों को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के रोकथाम/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 सनय कुमार मय हमराही उ0नि0 पवन गौड, कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्रा, कां0 जयदीप पटेल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 213/2024 धारा 3(5)/103(1)/352 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1. धीरेन्द्र सिंह उर्फ हेमु पुत्र महेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 45 वर्ष निवासी छैल बिहारी राज मंदिर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर 2. बाबी राजा परमार उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र राधेश्याम उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 खंदिया कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए मदारन देवी के रास्ते पर बने पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. धीरेन्द्र सिंह उर्फ हेमु पुत्र महेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 45 वर्ष निवासी छैल बिहारी राज मंदिर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा
2. बाबी राजा परमार उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र राधेश्याम उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 खंदिया कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार
2. उ0नि0 पवन गौड
3. कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्रा
4. कां0 जयदीप पटेल



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 12.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।




